SOUTHWESTERN Public Health
Oxford • Elgin • St.Thomas

**St. Thomas Site**
1230 Talbot Street
St. Thomas N5P 1G9
519-631-9900

**Woodstock Site**
410 Buller Street
Woodstock N4S 4N2
519-421-9901

**1-800-922-0096 | www.swpublichealth.ca**



# ऑपरेटरों के लिए मार्गदर्शन: मेनिक्योर (नखप्रसाधन), पेडिक्योर (पादचिकित्सा) और नेल ट्रीटमेंट (नखोपचार)

## स्वास्थ्य संबंधी चिंता

मैनीक्योर और पेडीक्योर से Hepatitis B वायरस, Hepatitis C वायरस, या Human immunodeficiency वायरस (HIV) जैसे बैक्टीरिया, फंगल या वायरल संक्रमण हो सकते हैं। **आपको संक्रमण के संचारण के लिए औज़ारों पर रक्त या बॉडी फ्लुइड्स** (शरीर के द्रव्य तत्वों) **को देखने की ज़रूरत नहीं है।**

## वैधानिक आवश्यकताएँ

व्यक्तिगत सेवा सेटिंग्स (Personal Service Settings) (PSS) को *ओंटारियो विनियमन 136/18: व्यक्तिगत सेवा सेटिंग (Ontario Regulation 136/18: Personal Service Settings) के अनुपालन में परिचालन करना आवश्यक है।*

PSS के ऑपरेटरों और कर्मचारियों को संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण अभ्यासों के बारे में अधिक जानने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य ओंटारियो से *व्यक्तिगत सेवा सेटिंग्स में संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए गाइड* की समीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो PSS में संक्रमण के संचारण के जोखिम को कम करते हैं।

## ऑपरेटर स्वास्थ्य और सुरक्षा

- सेवा आरंभ करने से पहले, सेवा के दौरान और बाद में हाथों की अच्छी स्वच्छता अपनाएँ।
  - यदि हाथ गंदे दिखें तो धो लें।
  - यदि हाथ स्पष्ट रूप से गंदे नहीं हैं, तो हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग किया जा सकता है।
- जब यह अनुमान हो कि हाथ रक्त और/या अन्य बॉडी फ्लुइड्स या गैर-इंटैक्ट (कार्य-स्थल से बाहर की) त्वचा के संपर्क में होंगे तो दस्ताने पहनें।
  - उदाहरण के लिए, फुट ग्रेटर या क्रेडो ब्लेड का उपयोग करते समय।
  - दस्ताने को पहनने से पहले और उतारने के बाद हाथ धोएँ।
- सेवा के दौरान ऑपरेटर को खाना, पीना या धूम्रपान नहीं करना चाहिए।

- ऑपरेटर को अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता अपनानी चाहिए।
- हेल्थ युनिट (स्वास्थ्य एकाई) अनुशंसा करता है कि सभी ऑपरेटरों को Hepatitis B का टीका लगाया जाए।

## त्वचा को लेकर तैयार

- सेवा आरंभ करने से पहले, यदि आवश्यक हो तो ग्राहक के हाथ और/या पैर साबुन और पानी से साफ करें।
- सेवा आरंभ करने से पहले ग्राहक के हाथ/पैर की जांच करें।
  - जिन ग्राहकों को काम किए जा रहे क्षेत्र के 6 इंच के भीतर चोट, घाव, चकत्ते या दृश्यमान त्वचा संक्रमण है, उन्हें सेवा प्रदान न करें।
    - ग्राहकों को कोई फंगल मलहम या उपचार प्रदान न करें।
    - ग्राहक को स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से मिलने की सलाह दें।

## औज़ार और उपकरण

- उपकरण और औज़ार जिन्हें ग्राहकों के बीच ठीक से साफ और डिसइन्फेक्ट (कीटाणुरहित) नहीं किया जा सकता है, वे सिंगल यूज़ (केवल एक बार उपयोग) किए जाने चाहियें। सिंगल यूज़ आइटम्स के उदाहरण हैं:
  - फोम या स्पंज कोर बफर ब्लॉक और फ़ाइलें, प्यूमिस स्टोन, सैंडिंग बोर्ड, एमरी बोर्ड आदि।
  - पैराफिन वैक्स लगाने के लिए उपयोग किए जाने वाले बैग।
    - पैराफिन वैक्स लगाने का कार्य इस तरीके से करना आवश्यक है ताकि वैक्स की कोई भी मात्रा एक से अधिक ग्राहकों के संपर्क में न आए।
  - पेडीक्योर के लिए उपयोग किए जाने वाले रेज़र ब्लेड/क्रेडो ब्लेड।
    - ध्यान दें कि इन वस्तुओं को उपयोग के तुरंत बाद एक शार्प कंटेनर में फेंक दिया जाना चाहिए।
  - स्टिप्टिक उत्पाद (ठोस, तरल, पाउडर) और उत्पादों को लगाने के लिए उपयोग किए जाने वाले एप्लिकेटर।
    - एप्लिकेटर को उत्पाद में दोबारा नहीं डुबोया जाना चाहिए और प्रत्येक उपयोग के बाद फेंक दिया जाना चाहिए (यानी, इसे दो बार ना डुबोएँ)
    - मल्टीयूज़ (बहु-उपयोज्य) स्टेप्टिक पेंसिलों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि वे रक्त से दूषित हो सकती हैं।
- **सिंगल यूज़ वस्तुओं को किसी एक ग्राहक पर उपयोग कर के भविष्य में उसी पर उपयोग के लिए PSS में नहीं रखा जाना चाहिए।** ग्राहक के साथ घर भेजे गए उपकरणों और औज़ारों को रीयूज़ के लिए परिसर में वापस नहीं लाया जा सकता है।
- सभी रीयूज़ेबल नेल सर्विस उपकरणों और औज़ारों को ग्राहकों के बीच उचित स्तर के कीटाणुशोधक से साफ और डिसइन्फेक्ट किया जाना चाहिए।
- साफ और डिसइन्फेक्ट किए गए मल्टी-यूज़ उपकरणों को संदूषण से बचाने के लिए एक ढक्कन वाले साफ दराज या कंटेनर में रखें।
- रीयूज़ेबल उपकरण जिन्हें तुरंत साफ नहीं किया जा सकता है उन्हें डिटर्जेंट के साथ या उसके बिना पानी से भरे एक लेबल वाले, ढके हुए कंटेनर में संग्रहित किया जाना चाहिए।

## सफाई, कीटाणुशोधन और विसंक्रमण

### सफाई

- सभी औज़ार, उपकरण और सतहें जिन्हें सफाई और कीटाणुशोधन की आवश्यकता होती है, उन्हें **ज़रूरी रूप से** पहले पूरी तरह से अलगा दिया जाना चाहिए। फिर वस्तुओं को साबुन या डिटर्जेंट के साथ गर्म पानी में साफ करना चाहिए।
- प्रत्येक उपयोग के बाद सभी लिनेन को अवश्य धोना चाहिए और इसकी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध होनी चाहिए।
- दीवारों, फर्शों, छतों और सतहों की नियमित सफाई की जानी चाहिए।

### कीटाणुशोधन

कीटाणुशोधन से जुड़े सारे काम प्रतिदिन नए सिरे से या निर्माता के निर्देशों के अनुसार किए जाने चाहिए। सभी कीटाणुशोधकों के पास हेल्थ कनाडा द्वारा जारी एक दवा पहचान संख्या (drug identification number (DIN)) या एक प्राकृतिक उत्पाद संख्या (natural product number (NPN)) होनी चाहिए।

| स्तर | कब इस्तेमाल करें | उदाहरण |
|---|---|---|
| निम्न स्तर | उपकरण और औज़ार या आइटम जो सीधे ग्राहक से संपर्क नहीं करते हैं या केवल बालों या इंटैक्ट त्वचा से संपर्क करते हैं। | • उच्च स्पर्श सतहें उदाहरणार्थ कुर्सियाँ, मेज, बिस्तर, सिंक<br>• कैलस ब्लेड (क्रेडो ब्लेड) होल्डर<br>• मेनिक्योर बाउल और ट्रे<br>• ड्रेमेल हैंडल<br>• नेल आर्ट के लिए चिमटी<br>• नेल-ड्राइंग स्टेशन<br>• UV और LED क्युरिंग लाइट |
| मध्यम स्तर | औजार, उपकरण, या आइटम्स जिनका उद्देश्य केवल इंटैक्ट त्वचा से संपर्क करना है, लेकिन जो गलती से गैर-इंटैक्ट त्वचा या म्यूकस मेंबरेंस (श्लेष्म झिल्ली) के संपर्क में आ सकते हैं या त्वचा में प्रवेश कर सकते हैं। | • क्लिपर<br>• ट्रिमर<br>• नेल क्लिपर, कटिकल निपर, कटिकल सीज़र, कटिकल कटर आदि<br>• ऐक्रेलिक नेल्स के लिए डायमंड ड्रिल बिट<br>• रीयूज़ेबल मेटल ड्रेमेल बिट<br>• हटाने योग्य चिपकने वाले/अपघर्षक स्टिकर के साथ फ़ुट फाइलें<br>• मेटल फुट फाइल्स<br>• मेटल, डायमंड और ग्लास नेल फाइल<br>• री-सर्क्युलेटिंग फुट टब या फुटबाथ<br>  ○ अधिक जानकारी के लिए SWPH की फुट बाथ फैक्ट शीट। |
| उच्च स्तर | कोई भी सतह, औजार या उपकरण जो रक्त के संपर्क में आ सकते हैं। | • ग्रेटर-स्टाइल फुट फाइलें |

स्वीकृत कीटाणुशोधकों और संपर्क समय की जानकारी के लिए **कीटाणुशोधन चार्ट** देखें।

## वेस्ट डिस्पोज़ल (अपशिष्ट निपटान)

- जिस वेस्ट पर रक्त और/या बॉडी फ्लुइड लगे होः उसे लीक-प्रूफ बैग में फेंकें।
- उपयोग के बाद सिंगल-यूज़ उपकरणों और औजारों को बाहर फेंक दें।
- सिंगल-यूज़ शार्प को एक स्वीकृत शार्प कंटेनर में फेंक दिया जाना चाहिए जो कैनडा स्टैंडर्ड्स एसोसिएशन के मानकों को पूरा करता हो।
- स्वीकृत शार्प कंटेनर उस क्षेत्र में स्थित होने चाहिए जहां शार्प आइटम्स का उपयोग किया जाता है।
- जब सामग्री कंटेनर पर फिल लाइन मार्क तक पहुंच जाए या तीन-चौथाई भर जाए तो शार्प कंटेनरों को सील कर दिया और बदल दिया जाना चाहिए।

## रिकॉर्ड रखना

### ग्राहकों के रिकॉर्ड

- व्यक्तिगत सेवा प्रदान करने से पहले, PSS ऑपरेटर को ग्राहक का नाम और संपर्क जानकारी प्राप्त करनी होगी और उसे रिकॉर्ड करना होगा।

### उच्च स्तर के कीटाणुशोधक

- यदि उच्च स्तर कीटाणुशोधकों का उपयोग किया जाता है, तो PSS को **कीटाणुशोधन रिकॉर्ड लॉग** में उल्लिखित जानकारी दर्ज करने की आवश्यकता होती है।

### आकस्मिक रक्त या बॉडी फ्लुइड (शरीर के द्रव्य तत्वों) से संपर्क

- PSS के लिए सभी आकस्मिक रक्त या बॉडी फ्लुइड से संपर्क को रिकॉर्ड करना आवश्यक है। रिकॉर्ड्स में **आकस्मिक ब्लड एक्सपोज़र लॉग** में उल्लिखित जानकारी शामिल होनी चाहिए।

### रिकॉर्ड रखवाली

- रिकॉर्ड को कम से कम एक साल तक ऑन-साइट रखा जाना चाहिए। पहले साल के बाद, रिकॉर्ड को कम से कम दो सालों तक सुरक्षित जगह पर संभाल के रखा जाना चाहिए और आसानी से उपलब्ध रखा जाना चाहिए।

## सवाल?

यदि आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया अपने क्षेत्र के Public Health Inspector (सार्वजनिक स्वास्थ्य निरीक्षक) से 1-800-922-0096 पर संपर्क करें।